<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा गिफ्ट सिटी की सहायक कंपनी को केंद्रीय मंत्री, श्री जोशी और गुजरात के वित्त मंत्री की उपस्थिति में अनंतिम पंजीकरण प्राप्त हुआ

गांधीनगर, 10 सितंबर 2024

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफसीए) ने इरेडा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी फाइनेंस आईएफएससी लिमिटेड (इरेडा की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) को गिफ्ट सिटी में एक वित्तीय कंपनी के रूप में अनंतिम पंजीकरण प्रदान किया है। यह घोषणा आज नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री,श्री प्रहलाद जोशी ; गुजरात सरकार के वित्त, ऊर्जा एवं पेट्रोकेमिकल्स के माननीय मंत्री,श्री कनुभाई देसाई,; एमएनआरई के सचिव,श्री भूपिंदर सिंह भल्ला; और इरेडा के सीएमडी,श्री प्रदीप कुमार दास की उपस्थिति में की गई।माननीय,श्री जोशी ने इरेडा के सीएमडी को प्रोत्साहित किया कि वे कंपनी को वैश्विक अक्षय ऊर्जा परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करें। माननीय, श्री जोशी ने कहा कि ,"गिफ्ट सिटी अंतरराष्ट्रीय वित्तीय और

निवेश गतिविधियों का एक केंद्र है, जोकि वर्ष 2047 तक भारत के 'विकसित भारत' (विकसित राष्ट्र) के विजन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।"

इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने इस उपलब्धि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ,"गिफ्ट सिटी में इरेडा की उपस्थिति वैश्विक स्तर पर हरित वित्तपोषण समाधानों को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह नई सहायक कंपनी हमें प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण हासिल करने और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए मदद करेगी, जिससे अक्षय ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। जैसाकि माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही रेखांकित किया है कि , 'गिफ्ट सिटी वैश्विक अवसरों का प्रवेश द्वार है' और इरेडा इन अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार है।" इस अवसर पर श्री दीपेश शाह, कार्यकारी निदेशक; श्री प्रवीण त्रिवेदी, कार्यकारी निदेशक; श्री सुप्रियो भट्टाचार्य, सीजीएम, आईएफएससीए और बैंक ऑफ बड़ौदा की गिफ्ट सिटी इकाई के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

इरेडा ग्लोबल ग्रीन एनर्जी फाइनेंस आईएफएससी लिमिटेड की स्थापना इरेडा के अंतरराष्ट्रीय फुटप्रिंट का विस्तार करने और नए व्यावसायिक अवसरों को खोलने के लिए एक रणनीतिक पहल है। हाल ही में, एस एंड पी ग्लोबल रेटिंग्स ने इरेडा को 'स्थिर' आउटलुक के साथ 'बीबीबी-' दीर्घकालिक और 'ए-3' अल्पकालिक जारीकर्ता क्रेडिट रेटिंग दी। इस एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि ,"भारत में वित्तीय कंपनियों (फिनको) की रेटिंग के लिए इरेडा को शुरुआती बिंदु से एक पायदान ऊपर की रेटिंग दी गई है, जोकि निरंतर सरकारी सपोर्ट को दर्शाता है।"